ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 23-09-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-09-23 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-09-24	2022-09-25	2022-09-26	2022-09-27	2022-09-28
वर्षा (मिमी)	8.0	10.0	25.0	30.0	25.0
अधिकतम तापमान(से.)	20.0	20.0	20.0	21.0	21.0
न्यूनतम तापमान(से.)	14.0	13.0	13.0	13.0	13.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	95	95	95	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	65	70	70	70
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	130	100	130	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	6	7	8	6	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 20.0 से 21.0 व 13.0 से 14.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/ घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनी: 24 से 26 सितंबर में कहीं-कहीं (लगभग 25प्रतिशत क्षेत्र में) भारी से बहुत भारी वर्षा होने तथा आगामी पांच दिनों में, कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने व तेज बौछार की संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 28 सितंबर से 4 अक्टूबर के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई मानचित्र ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.2-0.5 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है| पिछले सप्ताह के मौसम व मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए, किसान भाई अभी फसलों में सिंचाई को स्थगित कर दें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना है।24 से 26 सितंबर में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा, आगामी पांच दिनों में, कहीं-कहीं गरज के साथआकाशीय बिजली व तेज बौछार की चेतावनी है|

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	धान की फसल में भूरा या सफेद फुदके का प्रकोप होने पर, क्लोथियानिडिन 50 डब्ल्यू जी का प्रयोग करे। यदि फुदके के साथ तना बेधक का भी प्रकोप हो तो फिप्रोनिल 5 एससी 1000 मिली/है डाले। धान की फसल में रूट नॉट निमाटोड (जड़ गॉठ कृमि) के उपाय हेतु, जड़ो को 1 मिली वेलम/ लीटर की दर से ड्रैंचिंग करें। इसका प्रयोग साल में केवल एक बार ही करे। आगामी पांच दिनों में मध्यम वर्षा की सम्भावना तथा भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि अभी रसायनों का छिड़काव न करें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।
सोयाबीन	किसान भाई सोयाबीन फसल की निगरानी करते रहे व मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।
गन्ना	गन्ने की फसल में जल निकासी की उचित व्यवस्था बनाये करे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
गोभी	घाटी क्षेत्रो में, घरेलू खपत के लिए सिंचित दशा में बन्दगोभी एवं फूलगोभी स्नोबॉल समूह का प्रतिरोपण मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
सेम की फली	फ्रासबीन की फलिया सड़ने एवं सफेद फफूंदी की बढ़वार दिखाई पड़ने पर कार्बन्डाजिम 1 ग्राम/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव मौसम साफ होने पर करें। करे।
पालक	भावर व घाटी क्षेत्र में, पालक की बुवाई इस माह मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बछियो का मॉ से दूध छः महीने के बाद ही छुड़वाना चाहिए, ताकि उनका शारीरिक विकास अच्छे तरीके से हो सके। आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना को देखते हुए पशुओं, विशेष रूप से नवजात पशुओं को उचित आश्रय प्रदान करें और पौष्टिक आहार दें।
बकरा	भेड़ व बकरियों को टिटनेस टॉक्साइड के 2 टीके एक 4 माह पर, दूसरा 5 माह पर अवश्य लगवायें, जिससे नवजात मेमनों को टिटनेस नामक बीमारी न हों।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	नमी की वजह से आहार में फफूॅदी लग जाती है जिससे आहार में पोषक तत्व की कमी हो जाने से अपलाटॉक्सीकोशिश नामक बीमारी हो जाती है। इससे मुर्गियों के पेट में कीड़े पड़ने से अण्डा देने की क्षमता घट जाती है ऐसी मुर्गियों को पशु चिकित्सक की सलाह से कृमिनाशक दवा महीने में एक बार अवश्य दें।